पटाखों का अवैध कारोबार पर जयपुर पुलिस ने छापेमारी की

आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 8 लाख रु. से अधिक के पटाखे जब्त किए

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । दीपावली के त्योहार के मद्देनजर जयपुर पुलिस ने अवैध पटाखों के भंडारण और बिक्री के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस ने एयरपोर्ट और जामडोली थाना क्षेत्रों में दबिश देकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान करीब 7 से 8 लाख रुपए कीमत के 19 कार्टून पटाखे और लगभग 30 हजार रुपए के 27 अलग-अलग प्रकार के पटाखे जब्त किए गए हैं।

डीसीपी ईस्ट रंजीता शर्मा ने बताया कि एयरपोर्ट थाना पुलिस ने जगतपुरा में एसबीआई बैंक के सामने संचालित भारत पटाखा शॉप पर छापा मारा। जांच में दुकान संचालक आकाश शर्मा (23) बिना वैध लाइसेंस के आबादी क्षेत्र में पटाखों का भंडारण और बिक्री करता मिला। पुलिस ने मौके से विभिन्न ब्रांड के पटाखों से भरे 19 कार्टून जब्त कर सील किए। इनकी अनुमानित कीमत 7 से 8 लाख रुपए बताई गई है। जिस पर एयरपोर्ट थानाधिकारी विनोद कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी आकाश शर्मा, निवासी आगरा रोड को गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपी से पटाखों की खरीद तथा आपूर्ति के स्त्रोत के बारे में पूछताछ की जा रही है। इसी अभियान के तहत जामडोली थाना पुलिस ने आगरा रोड स्थित पालडी मीणा में विनायक चैंबर के पास दुकानों पर कार्रवाई की। पुलिस ने बिना स्थाई या अस्थाई लाइसेंस पटाखे बेचते हुए मनोज कुमार (31) निवासी पालडी मीणा और बिजेन्द्र कुमार बड़गूजर (47) निवासी पालडी मीणा को पकड़ा। दोनों दुकानों से करीब 30 हजार रुपए कीमत के 27 अलग-अलग लेबल के पटाखे जब्त किए गए। जामडोली थानाधिकारी रतन सिंह कविया ने बताया कि गठित टीमों को विजयपुरा, सुमेल, पुरानी चुंगी और मीना पालडी क्षेत्र में दुकानों के लाइसेंस जांचने के निर्देश दिए गए थे। 5 नवंबर को की गई कार्रवाई में दोनों दुकानदार बिना अनुज्ञापत्र पटाखे बेचते मिले।





जयपुर पुलिस ने जगतपुरा और जामडोली क्षेत्र में दबिश देकर पटाखों का अवैध स्टॉक जब्त किया।

- **जगतपुरा में गोदाम से 19 कार्टून बरामद करके एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, वहीं जामडोली में दो दुकानदारों पकड़े, जिनसे 27 तरह के पटाखे जब्त**

श्रीरामचंद्रजी मंदिर में ठाकुरजी का होगा शाही श्रृंगार

जयपुर (कासं)। चांदपोल स्थित ऐतिहासिक ठिकाना मंदिर श्री रामचंद्र जी में दीपावली पर विशेष धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन के तहत ठाकुरजी की भव्य राजसी झांकी सजाई जाएगी। इस अवसर पर भगवान का शाही श्रृंगार पारंपरिक रजवाड़ी वैभव और प्राचीन राजसी परंपराओं से किया जाएगा।

झांकी का मुख्य आकर्षण जरदोजी और आरी-तारी की बारीक कारीगरी से तैयार पारंपरिक रजवाड़ी पोशाक होगी, जिसे 'जामा' कहा जाता है। इस जामे की विशेषता इसका विशाल घेर है। इसे तैयार करने में करीब 36 मीटर कपड़े का उपयोग किया जाता है। बारीक कढ़ाई, भव्य बनावट और पारंपरिक हस्तशिल्प से सजा यह जामा राजस्थानी राजसी परंपरा की झलक पेश करेगा।

महंत नरेन्द्र तिवाड़ी ने बताया कि ठाकुरजी को इस अवसर पर रजवाड़ी काल के पारंपरिक आभूषण भी धारण करवाए जाएंगे। सोने के मुकुट, बहुमूल्य आभूषण, जरदोजी की कलात्मक कारीगरी से सुसज्जित वस्त्रों के साथ स्वर्ण चरण भी धारण करवाए जाएंगे। ठाकुरजी की मनोहारी झांकी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहेगी।

आयोजन के तहत शाम को वैदिक परंपराओं और विधि-विधान से महालक्ष्मी पूजन किया जाएगा।

कागज का उपयोग घटाने और सिंगल यूज प्लास्टिक बंद करने का संकल्प



राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अधिकारियों-कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।

जयपुर (कासं)। पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग के उद्देश्य से आयोजित सात दिवसीय 'ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह-2026' का शनिवार को समापन हुआ। अंतिम दिन 'कचरा कम करें' विषय के तहत राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कचरे का उत्पादन कम करने और पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। अतिरिक्त मुख्य पर्यावरण अभियंता अमित शर्मा एवं अधीक्षक वैज्ञानिक अधिकारी अभिषेक शर्मा ने अपशिष्ट प्रबंधन और संसाधनों के जिम्मेदार उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए केवल कचरे का निस्तारण ही नहीं, बल्कि उसके उत्पादन को शुरुआत से ही कम करना जरूरी है। उन्होंने कागज की अनावश्यक खपत रोकने, सिंगल प्लास्टिक से उपयोग बचने तथा पुन: उपयोग योग्य वस्तुओं को प्राथमिकता देने की अपील की।

कार्यक्रम में कचरा कम करने, पुन: उपयोग और पुनर्चक्रण (3आर) के सिद्धांत अपनाने तथा संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करने का संदेश दिया गया। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण के निर्माण के लिए सामूहिक शपथ भी ली। उल्लेखनीय है कि 1 से 7 नवंबर तक आयोजित इस सप्ताह में प्रतिदिन अलग-अलग विषयों पर जागरूकता गतिविधियां हुईं। इनमें स्वस्थ जीवनशैली, ऊर्जा एवं जल संरक्षण, सतत खाद्य प्रणाली, पर्यावरण अनुकूल व्यवहार, इलेक्ट्रॉनिक कचरे में कमी और अपशिष्ट न्यूनीकरण जैसे विषय शामिल रहे।

शराब के साथ तस्कर पकड़ा

जयपुर । सांगानेर सदर थाना पुलिस ने शिकारपुरा इलाके में कार्रवाई कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध शराब की 14 पेटियां और परिवहन में इस्तेमाल की जा रही अल्टो कार जब्त की है। डीसीपी दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि सांगानेर सदर पुलिस ने शिकारपुरा इलाके में संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी ली। कार में अवैध शराब की 14 पेटियां मिलीं। पुलिस ने सुरेश बंजारा (20) पुत्र जियाराम बंजारा निवासी झुग्गी-झोपड़ी, विष्णु विहार कॉलोनी कोकावास को गिरफ्तार किया।

सार-समाचार

इंटर स्टेट क्विज-भाषण प्रतियोगिता 21 को

जयपुर । यंग सिटीजन ऑफ इंडिया फाउंडेशन की ओर से इंटर स्टेट क्विज और भाषण प्रतियोगिता सीजन-3 का आयोजन 21 नवंबर 2026 को कंस्टीट्यूशन क्लब में किया जाएगा। इसमें करीब 20 स्कूलों के विद्यार्थी भाग लेंगे। फाउंडेशन पिछले तीन वर्षों से अंतरविद्यालय स्तर पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस बार प्रतियोगिता को राज्य स्तरीय स्वरूप दिया जा रहा है। फाउंडेशन की महासचिव सारा इस्माइल ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन देने के साथ उनके व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है। इसके तहत विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों से संवाद और मार्गदर्शन का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी, उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता, चिकित्सक, मीडिया विशेषज्ञ, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) विशेषज्ञ, पुलिस अधिकारी और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे। इनके विशेष सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को करियर के विभिन्न विकल्पों, भविष्य की संभावनाओं से जुड़ी जानकारी दी जाएगी।

मोबाइल की फिरौती मांगने वाले गिरफ्तार

जयपुर । सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र में मोबाइल छीनकर वापस लौटाने के बदले फिरौती मांगने वाले दो शातिर बदमाशों को सांगानेर सदर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने युवक का मोबाइल छीनने के बाद उसे वापस देने की एवज में एक हजार रुपए मांगे थे। पीड़ित ने फोन-पे के जरिए रकम भी ट्रांसफर कर दी, लेकिन आरोपियों ने मोबाइल नहीं लौटाया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटा गया मोबाइल, एक अन्य मोबाइल और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार बिहार निवासी और वर्तमान में सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र में रहने वाले मो. फिरदौश आलम ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 3 नवंबर की रात करीब 8:32 बजे वह कंपनी से खाना लेकर लौट रहा था। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक उसके हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गए। कुछ देर बाद पीड़ित ने अपने दोस्त के मोबाइल से अपने नंबर पर कॉल किया तो आरोपियों ने फोन वापस देने के बदले एक हजार रुपए मांगे। पीड़ित ने आरोपियों की ओर से बताए गए नंबर पर फोन-पे के माध्यम से रकम ट्रांसफर कर दी। हालांकि, मोबाइल वापस मिलने से पहले ही उसने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। तकनीकी सहायता और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने सौरभ कुमार कोली (23) और हेमंत कुमार महावर (22) को पकड़ा। दोनों आरोपी करौली जिले के टोडाभीम थाना क्षेत्र के शहराकर गांव के निवासी हैं। पूछताछ में दोनों ने मोबाइल छीनने की वारदात करना स्वीकार किया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने लूटा गया मोबाइल, एक अन्य मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

महालक्ष्मी का दूध-पंचामृत से अभिषेक



जयपुर । दीपावली पर चांदपोल बाजार, नाहरगढ रोड स्थित माता महालक्ष्मी मंदिर में रूप चौदस पर विशेष धार्मिक आयोजन किया गया। इस दौरान 11 विद्वान पंडितों ने पंडित धर्मेश शर्मा के सानिध्य में माता महालक्ष्मी का सवा मन दूध से पंचामृत अभिषेक किया। अभिषेक पुरुष सूक्त और श्री सूक्त के मंत्रोच्चार के बीच विधिवत संपन्न हुआ। अभिषेक के बाद माता महालक्ष्मी को नवीन पोशाक धारण कराई गई। मंदिर में आकर्षक फूल बंगला झांकी सजाई गई तथा माता को विभिन्न मिष्ठान्न व्यंजनों का भोग लगाया गया। साथ ही सुहाग की वस्तुएं भी माता के चरणों में अर्पित की गईं। इस अवसर पर मंदिर में माता की भव्य महाआरती हुई, जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भक्तों ने माता के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर प्रवक्ता धर्मेश शर्मा ने बताया कि मंदिर में प्राचीन समय से श्रद्धालुओं की गहरी आस्था रही है।

दिन में हल्की गर्मी, रात में बढ़ी सर्दी

जयपुर । राजस्थान में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। दिन में हल्की गर्मी बनी हुई है, जबकि रात के तापमान में गिरावट से ठंड का असर बढ़ने लगा है। शुक्रवार को पश्चिमी राजस्थान के कई जिलों में दिन का तापमान 35 डिग्री से ऊपर रहा। बाड़मेर में सबसे अधिक गर्मी रही, जहां अधिकतम तापमान 37.8 डिग्री सेल्सियस मापा गया। जोधपुर, जैसलमेर, चित्तौड़गढ़ और पाली में भी दिन का तापमान 35 डिग्री से अधिक रहा। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार रात के तापमान में लगातार गिरावट आ रही है। माउंट आबू 12.3 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। वहीं सीकर में न्यूनतम तापमान 13.5 डिग्री मापा गया। इससे सुबह और रात के समय ठंड का असर बढ़ गया है। शुक्रवार को अजमेर सहित कई जिलों में हल्के बादल छाए रहे। अलवर में सुबह के समय हल्का कोहरा भी रहा। हालांकि प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क रहा। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार अगले तीन दिनों में प्रदेश के तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। अगले एक सप्ताह तक अधिकांश इलाकों में आसमान साफ रहने और दिन में धूप निकलने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान में भी विशेष बदलाव नहीं होगा।

जेडीए ने करवाई पार्कों की सफाई

जयपुर । स्वच्छ एवं हरित जयपुर के संकल्प को साकार करने के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने शनिवार को शहर के विभिन्न पार्कों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। सात दिवसीय 'ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह' के तहत आयोजित इस अभियान में पार्कों से कचरा और अनावश्यक गंदगी हटाकर हरित क्षेत्रों को स्वच्छ-सुव्यवस्थित बनाया गया। जयपुर विकास आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने बताया कि अभियान की मुख्य थीम 'मिशन लाइफ-स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं' रखी गई है। इसके तहत जेडीए के विभिन्न जोन में स्थित पार्कों में स्वच्छता गतिविधियां आयोजित कर आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

आतिशबाजी के दौरान संभावित आगजनी से निपटने के लिए अग्निशमन शाखा अलर्ट मोड पर



क्रमांक	फायर स्टेशन	आपातकालीन नंबर
1	विश्वकर्मा नियंत्रण कक्ष	0141-2332573, 2330080
2	झोटवाड़ा	0141-2348852
3	बिंदायका	0141-2240100
4	22 गोदाम	0141-2211258, 2210093
5	मालवीय नगर	0141-5132101, 2755930
6	मानसरोवर	0141-2395566, 8764879778
7	सीतापुरा	8764879779
8	अपैरल पार्क	8764880100
9	बनीपार्क नियंत्रण कक्ष	0141-2201898, 2200926
10	घाटगेट	0141-2615550, 2567967, 2600774
11	आमेर	0141-2531282
12	चौगान	0141-2411891, 8279179062

जयपुर। दीपावली पर आतिशबाजी के दौरान आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए जयपुर निगम की अग्निशमन शाखा को अलर्ट मोड पर रखा गया है। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा के निर्देश पर शहर के 12 फायर स्टेशनों पर दमकल वाहन और आवश्यक संसाधन तैनात रहेंगे। इसके अलावा 11 पुलिस थानों, पुलिस आयुक्तालय और नगर निगम मुख्यालयों सहित प्रमुख स्थानों पर भी अग्निशमन वाहन मय स्टाफ तैनात किए जाएंगे।

उपायुक्त फायर दुर्गा कुमारी ने बताया कि 6 से 11 नवंबर तक सभी स्थायी एवं अस्थायी अग्निशमन कर्मचारियों की ड्यूटी दो पारियों में रहेगी। पहली पारी सुबह 7 से शाम 7 बजे और दूसरी पारी शाम 7 से सुबह 7 बजे तक होगी। विश्वकर्मा, झोटवाड़ा, बिंदायका, 22 गोदाम, मालवीय नगर, मानसरोवर, सीतापुरा, अपैरल पार्क, बनीपार्क, घाटगेट, आमेर और चौगान फायर स्टेशनों पर दमकल वाहन तैयार रहेंगे।

नगर निगम ने आमजन से पटाखे खुले और सुरक्षित स्थानों पर चलाने, बच्चों को अकेला नहीं छोड़ने तथा सूती कपड़े पहनने की अपील की है। पटाखे जलाते समय पानी की बाल्टी और अग्निशमन यंत्र पास रखने तथा अस्पताल, पेट्रोल पंप और गैस गोदाम के आसपास आतिशबाजी नहीं करने की सलाह दी गई है। पटाखा दुकानदारों को वैध अनुज्ञापत्र, सुरक्षित भंडारण और अग्निशमन उपकरणों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

अस्पतालों में आपातकालीन सेवाएं और बर्न यूनिट रहेंगी अलर्ट मोड पर

जयपुर । दीपावली के त्योहार को देखते हुए प्रदेश में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह मुस्तैद रखने के निर्देश दिए गए हैं। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में आपातकालीन सेवाओं और बर्न यूनिट को अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं से जुड़े चिकित्सा कर्मियों के अवकाश निरस्त करने के निर्देश भी दिए गए हैं। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि दीपावली के दौरान पटाखों से जलने, आगजनी और अन्य दुर्घटनाओं की आशंका रहती है। ऐसे में सभी अस्पतालों में आपातकालीन उपचार की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बर्न यूनिट में आवश्यक संसाधन, दवाइयां और उपचार संबंधी सुविधाएं उपलब्ध रहें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को तत्काल उपचार मिल सके। उन्होंने निर्देश दिए कि आपातकालीन सेवाओं से जुड़े चिकित्सक एवं अन्य चिकित्सा कर्मी ड्यूटी पर उपलब्ध रहें। अस्पतालों में आवश्यक स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की जाए और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी व्यवस्थाएं तैयार रखें। त्योहार के दौरान आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र शास्त्री के खिलाफ एसीपी को सौंपा परिवाद

भगवान श्रीकृष्ण पर कथित बयान से यादव समाज में रोष

जयपुर । भगवान श्रीकृष्ण के संबंध में बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री की कथित टिप्पणी को लेकर यादव समाज में नाराजगी है। इस मामले में शनिवार को अखिल भारतीय यादव महासभा की बैठक आयोजित हुई। इसमें समाज के प्रतिनिधियों ने अपनी आपत्ति लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से दर्ज कराने का निर्णय लिया। वहीं इस बैठक में तय किया गया कि देशभर में समाज के प्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों में प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपेंगे। साथ ही कानूनी प्रक्रिया के तहत शिकायत दर्ज कराकर मामले की निष्पक्ष जांच और नियमानुसार कार्रवाई की मांग करेंगे। आवश्यकता पड़ने पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन भी किया जाएगा।

इसी क्रम में जयपुर में राजस्थान यादव महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने वैशाली नगर एसीपी अनिल शर्मा से मिले और फिर उन्हे परिवाद सौंपा। इसमें कथित बयान की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की मांग की गई। महेंद्र यादव ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य किसी व्यक्ति या समुदाय के प्रति वैमनस्य पैदा करना नहीं, बल्कि भगवान श्रीकृष्ण के प्रति यादव समाज की आस्था, श्रद्धा और भावनाओं को लोकतांत्रिक तरीके से अभिव्यक्त करना है। उन्होंने समाज के लोगों से सामाजिक एकता, आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। राजस्थान युवा यादव महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष मदन यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के प्रति यादव समाज की अटूट आस्था और सामाजिक सम्मान से जुड़ा यह विषय समाज की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करता है। समाज के युवा एकजुट होकर लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से इस अभियान को आगे बढ़ाएंगे। इस दौरान एडवोकेट महेंद्र सिंह यादव, रतन यादव, विनोद यादव, कुलदीप यादव, जुगल यादव, लालचंद यादव, मोहन यादव, चित्रकूट व्यापार मंडल अध्यक्ष रामगोपाल यादव, रामधन यादव, राकेश खंडेलवाल और मधुसूदन शर्मा सहित समाज के अनेक प्रतिनिधि मौजूद रहे।



राजस्थान यादव महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने वैशाली नगर एसीपी अनिल शर्मा को बागेश्वर धाम से जुड़े धीरेन्द्र शास्त्री के खिलाफ परिवाद सौंपा।

श्री अमरापुर स्थान में 11 से 24 नवंबर तक कार्तिक महोत्सव

जयपुर । छोटी काशी जयपुर के प्रमुख धार्मिक केंद्र श्री अमरापुर स्थान में कार्तिक मास के अवसर पर 11 से 24 नवंबर तक कार्तिक महोत्सव श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव का शुभारंभ 11 नवंबर, भाई दूज को सुबह 7 से 9 बजे तक प्रार्थना और सत्संग के साथ होगा। इस दौरान श्री प्रेम प्रकाश ग्रंथ, श्रीमद्भगवद्गीता और कार्तिक माहात्म्य का वाचन किया जाएगा। प्रेम प्रकाश मंडलाध्यक्ष स्वामी भगत प्रकाश महाराज विशेष भजन और सत्संग करेंगे।

महोत्सव के तहत 12 नवंबर से प्रतिदिन सुबह 6 बजे हरिनाम संकीर्तन प्रभात फेरी निकाली जाएगी। संतों के अनुसार कार्तिक मास में हरिनाम संकीर्तन, दीपदान, तुलसी पूजन और सत्संग का विशेष धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व है।

24 नवंबर तक चलने वाले इस महोत्सव में सद्गुरु टेऊँराम चौथ पर्व, गोपाष्टमी महोत्सव, आंवला पूजन, एकादशी विशेष संकीर्तन, दीपदान, सत्यनारायण कथा और भजन-कीर्तन सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। इनके माध्यम से श्रद्धालु भक्ति, सेवा और आध्यात्मिक साधना से जुड़ सकेंगे।

मंदिर में दर्शन का समय सुबह 6 से दोपहर 12 बजे तथा शाम 3 से रात 8:30 बजे तक रहेगा। इस दौरान श्री मंदिर में भगवान लक्ष्मी-नारायण और लड्डू गोपाल के मनमोहक दर्शन होंगे।

जयपुर के पटाखा बाजार में स्काई शॉट और बटरफ्लाई की मांग बढ़ी

300 से 400 फीट ऊंचाई तक रोशनी बिखेरने वाले पटाखे ग्राहकों की पहली पसंद बने

जयपुर (कासं)। दीपावली पर्व की खरीददारी के लिए राजधानी जयपुर के बाजारों में इन दिनों रौनक परवान पर है। दीपोत्सव की तैयारियों के बीच पटाखा बाजार में भी पसंद का ट्रेंड बदलता नजर आ रहा है। कभी दीपावली की पहचान रहे अनार, जमीन चक्कर और फुलझड़ी की मांग अब पहले जैसी नहीं रही। इनकी जगह स्काई शॉट, बटरफ्लाई सहित कई फैंसी पटाखों ने ले ली है। खासकर 300 से 400 फीट की ऊंचाई तक जाकर रंग-बिरंगी रोशनी बिखेरने वाले स्काई शॉट ग्राहकों को खूब लुभा रहे हैं। वहीं, ग्रीन पटाखों के प्रति भी लोगों का रुझान बढ़ा है।

राजधानी के पुराने आतिश मार्केट और परकोटे के विभिन्न बाजारों में पटाखों की खरीदारी शुरू हो गई है। कारोबारियों के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में बिक्री का तरीका भी बदला है। पहले लोग दीपावली से 10 से 15 दिन पहले ही पटाखे खरीदने पहुंच जाते थे, लेकिन अब अधिकांश ग्राहक त्योहार से दो-तीन दिन पहले बाजार आते हैं। ऐसे में कारोबारियों को बिक्री में तेजी आने का इंतजार रहता है।



पटाखा विक्रेता सोहेल खान ने बताया कि इस बार बाजार में फैंसी पटाखों की नई किस्में आई हैं। इनमें स्काई शॉट और बटरफ्लाई की सबसे ज्यादा मांग है। स्काई शॉट आसमान में 300 से 400 फीट की ऊंचाई पर जाकर रंगीन रोशनी बिखेरते हैं। उन्होंने कहा कि अनार, जमीन चक्कर और फुलझड़ी जैसे परंपरागत पटाखों की मांग में कमी आई है। ग्राहक अब नए डिजाइन और आकर्षक रोशनी वाले पटाखे पसंद कर रहे हैं। कंपनियां शादी-ब्याह और बड़े आयोजनों में इस्तेमाल होने वाली आतिशबाजी को छोटे आकार में तैयार कर रही हैं, जिससे आम ग्राहक भी उसी तरह के आकर्षक प्रभाव वाले पटाखे खरीद पा रहे हैं।

शिवकाशी से आ रही ज्यादातर आतिशबाजी

पटाखा बाजार में बदलाव के बीच जयपुर की पारंपरिक आतिशबाजी कला भी अपनी पहचान खोती जा रही है। शहर की स्थापना के बाद से ही यहां आतिशबाजी बनाने की परंपरा रही है। जयपुर की शोरगर बिरादरी पीढ़ियों से इस कला में दक्ष रही है। यहां के कारीगर अनार, फ्लावर पॉट, जमीन चक्कर और फुलझड़ी जैसे पटाखे बनाने के लिए पहचाने जाते थे। हालांकि, समय के साथ यह परंपरा सिमटती चली गई। वर्तमान में जयपुर के बाजारों में बिकने वाले अधिकांश पटाखे तमिलनाडु के शिवकाशी से आ रहे हैं, जो देश में आतिशबाजी निर्माण का सबसे बड़ा केंद्र बन चुका है।

- **इस बार ग्राहकों के बीच अनार, जमीन चक्कर और फुलझड़ी की चमक फीकी पड़ी**

पटाखा विक्रेता जहीर अहमद का कहना है कि समय के साथ पटाखों की डिजाइन और निर्माण तकनीक में बड़ा बदलाव आया है। पहले बड़े आयोजनों में इस्तेमाल होने वाली आतिशबाजी अब कंपनियां छोटे आकार में तैयार कर रही हैं। इनमें भी पहले जैसे आकर्षक प्रभाव देखने को मिलते हैं। उन्होंने कहा कि जयपुर के शोरगर कारीगर पारंपरिक आतिशबाजी बनाने में माहिर थे, लेकिन सरकारी संरक्षण और प्रोत्साहन के अभाव में यह कला मरणासन्न स्थिति में पहुंच गई है। सरकार हस्तकला को बढ़ावा देने की बात करती है, लेकिन शोरगर कारीगरों को अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा।

ग्रीन पटाखों की उपलब्धता बढ़ी

कारोबारियों के अनुसार पिछले दो वर्षों में बाजार में ग्रीन पटाखों की उपलब्धता बढ़ी है। उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों और निर्धारित मानकों के अनुरूप तैयार किए जाने वाले इन पटाखों में पारंपरिक पटाखों की तुलना में कम धुआं निकलने का दावा किया जाता है। सोहेल खान के मुताबिक, पटाखे प्रयोगशाला में जांच और निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही बाजार में बिक्री के लिए आते हैं। पटाखा बाजार में बदलता यह ट्रेंड केवल ग्राहकों की पसंद में बदलाव नहीं दर्शाता, बल्कि आतिशबाजी कारोबार की बदलती तस्वीर भी सामने रखता है। एक ओर स्काई शॉट और बटरफ्लाई जैसे आधुनिक पटाखे बाजार में छाए हुए हैं, तो दूसरी ओर कभी जयपुर की पहचान रही शोरगर कला संरक्षण के अभाव में सिमटती जा रही है। जिस शहर की आतिशबाजी कभी देश-दुनिया में मशहूर थी, उसी का बाजार आज बड़े पैमाने पर शिवकाशी से आने वाली खेप पर निर्भर होता जा रहा है।